राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com |

आज दिल्ली स्थित आवास प
नरेंद्र कश्यप जी से सौहार्दपूर्ण
के किसानों से भी मुलाकात व

यूटीयू को मिलेगा नियमित नियुक्ति का अधिकार : सुबोध

- धूमधाम से मनाया यूटीयू का 21वां स्थापना दिवस
- विवि ने लांच किया यूटीयू समाधान पोर्टल

देहरादून(एसएनबी)। उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय का 21वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विवि ने यूटीयू समाधान पोर्टल भी लांच किया। साथ ही एलुमनी मीट का आयोजन किया गया, जिसमें पास आउट छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

सोमावर को समारोह का शुभारंभ तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने किया। बतौर मुख्य अतिथि उनियाल ने विवि परिसर में निर्मित बैंक बिल्डिंग का लोकार्पण किया। इसके बाद साइबर सुरक्षा से संबंधित चुनौतियों व रणनीतियों पर आधारित सेमिनार में उन्होंने कहा कि वर्तमान में नई-नई टेक्नोलाजी समाज को सुविधा सम्पन्न बना रही है तो वहीं दूसरी तरफ कई चुनौतियां सामने खड़ी हो जाती हैं। विशेषज्ञों के साथ ही छात्रों को भी इसके समाधान ढूंढने होंगे। तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि विश्वविद्यालय और परिसर संस्थानों में शिक्षकों की नियमित नियुक्ति का अधिकार विश्वविद्यालय को दिये जाने पर विचार किया जा रहा है जिस पर आगामी कैबिनेट बैठक में निर्णय लिया जायेगा।



स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि।

कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने विश्वविद्यालय की प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यूटीयू समाधान पोर्टल के जरिये औद्योगिक और तकनीकी समस्याओं को एकत्रित कर उनका समाधान किया जाएगा। बतौर विशिष्ट अतिथि एनआईटीटीटीआर (चंडीगढ़) के निदेशक प्रो. बीआर गुर्जर ने साइबर सिक्योरिटी की चुनौतियों व रणनीतियों पर अपने विचार रखे। साथ ही यूटीयू और एनआईटीटीटीआर के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। प्रदेश के राज्यपाल ने भी अपने वीडियो संदेश के माध्यम से विवि द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। सीएमएआई के अध्यक्ष प्रो. एनके गोयल, प्रो. एसएस रावत, प्रो. दिव्य बंसल, विजय गौड़ आदि ने भी विचार रखे। कुलसचिव प्रो. सत्येन्द्र सिंह ने सभी का आभार जताया।

इस मौके पर विवि के वित्त नियंत्रक विक्रम सिंह जंतवाल, परीक्षा नियंत्रक डा. वीके पटेल, परिसर संस्थान निदेशक प्रो. मनोज कुमार पाण्डा, डा. एसके प्रधान, डा. अमित अग्रवाल, डा. एच एल मंदौरिया, डा. एचएस भदौरिया अनेक लोग मौजूद थे।

UTTARAKHAND
काय
प्रान्तीय ख
Email:- eepdp
पत्रांक : 159/35AC
अल्पक
महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्
ई-टेण्डरिंग द्वारा सिंगल बिड व
http://www.uktenders.go

क्र. सं.	कार्य का नाम
1	2